दिनांकः 05.10.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–प्रदेश में युवाओं के कौशल विकास के लिए विदेशी भाषाओं के विद्यालय खोले जाएंगे।
- राजस्थान रोड़वेज़ में 128 नई ब्लु लाइन बसें शामिल–दूर–दराज़ के इलाकों में सम्पर्क बेहतर होगा।
- जोधपुर में मारवाड़ फेस्टिवल का आयोजन कल से।
- प्रदेश में मौसम के मिज़ाज में फिर बदलाव–कोटा, जोधपुर और उदयपुर संभाग के कई जिलों में बारिश।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि प्रदेश के युवाओं को विभिन्न देशों की भाषाओं का ज्ञान उपलब्ध कराने के लिए भाषाई विद्यालय खोले जाएंगे। इनके जरिए नौजवानों को पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के नये अवसर मिल सकेंगे। श्री शर्मा आज जयपुर के जामडोली स्थित केशव विद्यापीठ में आयोजित अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के 9वें अधिवेशन के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से राजस्थान पूरे देश में निराला है और उनकी सरकार विकसित राजस्थान 2047 के विजन के तहत अनुसंधान, नवाचार तथा युवा सशक्तीकरण की दिशा में, दूरदर्शी नीति बनाकर काम कर रही है।

----------------

मुख्यमंत्री ने जयपुर में ही एक अन्य सामाजिक कार्यक्रम में कहा कि राज्य सरकार उद्योग और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए बेहतर और सुरक्षित वातावरण तैयार कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हस्तशिल्प के हुनर को सम्मान देने के साथ ही, प्रदेश में उद्योग और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए सभी स्तरों पर प्रयास कर रही है।

000

राजस्थान रोडवेज के बेड़े में आज 128 नई ब्लू लाइन बसें शामिल हुईं। **'आपणी बस–राजस्थान रोडवेज'** नाम से शुरू की गई इन बसों को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर के अमर जवान ज्योति से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नई बसें प्रदेश के दूर दराज के क्षेत्रों और गांवों तक आमजन को बेहतर परिवहन सेवा उपलब्ध करवाएंगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने रोडवेज की वोल्वो, स्केनिया तथा एसी बसों में यात्रियों को सीट पर खाना उपलब्ध कराने की कैटरिंग सुविधा की भी शुरूआत की। नई शामिल बसें प्रदेशभर के 23 आगारों को आवंटित की गई हैं। इस सेवा से राज्य के 25 ग्रामीण मार्गों पर 169 ग्राम पंचायतों तक सीधी रोडवेज बसों की कनेक्टिविटी हो सकेगी।

000

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज विश्व शिक्षक दिवस पर नई दिल्ली में फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल अभियान में भागीदारी की। उन्होंने मेजर ध्यानचंद स्टेडियम से इंडिया गेट और आसपास के क्षेत्रों में शिक्षकों, छात्रों और अन्य लोगों के साथ साइकिल रैली का नेतृत्व किया। श्री मांडविया ने बताया कि आज देश भर में दस हजार पांच सौ से अधिक स्थानों पर फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि अब लाखों लोग हर रविवार को खुद को फिट रखने के लिए साइकिल चलाते हैं।

-----------------

000

भारतीय कॉर्पोरेट कार्य संस्थान का कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पर दूसरा राष्ट्रीय सम्मेलन कल से नई दिल्ली में शुरु हो रहा है। दो दिन के इस सम्मेलन का विषय है: जनजातीय विकास के लिए कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व उत्कृष्टता का सदुपयोग। कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय ने बताया कि इस सम्मेलन का उद्देश्य सरकारी पहलों, कॉर्पोरेट रणनीतियों और स्वदेशी ज्ञान के बीच तालमेल को बढ़ावा देना है।
यह सम्मेलन कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पर संवाद के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करेगा, जिसमें छह उच्च–स्तरीय विशेषज्ञ पैनल चर्चाएँ, एक लाइव सामाजिक नवाचार प्रयोगशाला और एक जनजातीय सांस्कृतिक प्रदर्शनी शामिल होगी।

000

जोधपुर में सालाना मारवाड़ फेस्टिवल कल से आयोजित किया जाएगा। दो दिन के इस उत्सव में मारवाड़ की परम्परा, संस्कृति और लोककला का प्रदर्शन किया जाएगा। पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन की ओर से हो रहे इस आयोजन में बड़ी संख्या में देशी–विदेशी पर्यटक शामिल होने पहुंचे हैं। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

------------------------

000

भरतपुर में चल रही जसवंत प्रदर्शनी और पशु मेला इन दिनों परवान पर है। 105 सालों से आयोजित होते आ रहे इस ऐतिहासिक मेले में राजस्थान सहित आस–पास के राज्यों से बड़ी संख्या में पशुपालक और आमजन पहुंच रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि मेले में रोजाना सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं।

-----------------

000

प्रदेश में चल रहे सहकार सदस्यता अभियान के तहत अब तक 1 हजार 682 पैक्स में शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। इस दौरान सहकारिता विभाग से संबंधित काम तत्परता के साथ किये जा रहे हैं। साथ ही आमजन और सहकार बंधुओं को राहत पहुंचाई जा रही है। 15 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान में पैक्सविहीन ग्राम पंचायतों में 'ग्रामीण सेवा शिविरों' के तहत गतिविधियां रखी जा रही हैं। शिविर के दौरान करीब दो लाख लोगों को सहकारिता के प्रस्तावित कानून से अवगत करवाया जा चुका है। इसके अलावा पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसानों की आधार सीडिंग और ई केवाईसी के काम भी प्रमुखता से किये जा रहे हैं।

000

जैसलमेर रेलवे स्टेशन पर आज अमृत संवाद कार्यक्रम रखा गया। उत्तर–पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल की ओर से आयोजित कार्यक्रम में यात्रियों सुविधाओं में सुधार और रेलवे स्टेशन पर विकास से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य रेल प्रशासन और नागरिकों के बीच संवाद स्थापित कर बेहतर सेवा उपलब्ध कराना था।

000

चित्तौड़गढ़ में चल रहे मीरा महोत्सव के दूसरे दिन आज नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी जा रही है। कल से शुरू हुए तीन दिन के इस महोत्सव में संत मीरा के जीवन और उनके भजनों तथा अध्यात्म पर चर्चाएं की जा रही हैं। महोत्सव में ओडीसी नृत्यांगना कुंजलता मिश्रा की भी प्रस्तुति होगी।

000

कृषि विभाग ने किसानों को फसलों की अच्छी पैदावार के लिए डीएपी के स्थान पर सिंगल सुपर फास्फेट के उपयोग की सलाह दी है। विभाग के संयुक्त निदेशक विनोद जैन ने बताया कि रबी फसलों में डीएपी के स्थान पर फास्फोरस युक्त उर्वरक का इस्तेमाल किया जाने पर जमीन में सल्फर की पूर्ति हो सकती है, जो तिलहनी और दलहनी फसलों के लिए लाभदायक है। उन्होंने बताया कि सिंगल सुपर फास्फेट में डीएपी की तुलना में अधिक पोषक तत्व है और ये सस्ता भी है।

000

प्रदेश से विदा ले चुके मॉनसून ने एक बार फिर पलट कर कई जिलों को भिगो दिया। मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों में उदयपुर, कोटा और जोधपुर संभाग के जिलों में बारिश की गतिविधियां दर्ज की गई। बारां, कोटा, बूंदी सहित हाड़ौती के भी कई जिलों में आज दोपहर बाद

मौसम बदला और विभिन्न स्थानों पर बारिश हुई। डूंगरपुर, सलूम्बर सहित आस–पास के इलाकों में मौसम ने करवट ली और कई जगह तेज हवाओं के साथ अच्छी बरसात हुई। इस बीच, सरहदी जिले श्रीगंगानगर और हनुमानगढ में कई स्थानों पर आज ओलावृष्टि के समाचार हैं। विभाग ने बंगाल की खाड़ी में बने नये तंत्र के कारण बारिश की गतिविधियां आठ अक्टूबर तक सक्रिय रहने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

000

वन्यजीव सप्ताह के तहत प्रदेशभर में कई गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में आज भरतपुर के कैवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में आज स्कूली बच्चों की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस अवसर पर उन्हें पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई और पॉलीथिन मुक्त समाज के लिए प्रेरित किया गया।

000

एक दिवसीय महिला क्रिकेट विश्व कप में भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला जारी है। कोलंबो में खेले जा रहे इस मैच में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया है। ताजा समाचार मिलने तक भारत ने पांच विकेट के नुकसान पर 183 रन बना लिये हैं। हरलीन देओल ने सर्वाधिक 46 रनों की पारी खेली। पाकिस्तान की ओर से डायना बेग ने 45 रन देकर दो विकेट लिये।

000